नकली सर्फ बनाने वाले की दुकान में छापेमारी

हरलाखी . थाना क्षेत्र के उमगांव में नकली सर्फ बनाने का भंडाफोड़ हुआ है. पीएसजी कंपनी के अधिकारी रंजीत कुमार सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर हरलाखी थाने की पुलिस के मदद से उमगांव बैल बाजार के पास चल रही एक दुकान में छापेमारी दी. जहां टाइड प्लस सर्फ का नकली उत्पाद किया जा रहा था. हालांकि पुलिस की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया. इस दौरान पुलिस ने सैकड़ों नकली सर्फ का पैकेट, सील करने वाली मशीन सहित कई अवैध सामग्रियों को जब्त किया. पूछताछ के क्रम में पुलिस को पता चला कि उमगांव निवासी आरोपी प्रभु साह टाइड कंपनी का नकली उत्पाद करके वह गांव घरों में सप्लाई करता है. थानाध्यक्ष जितेन्द्र सहनी ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/madhubani/raid-in-the-shop-of-fake-surf-maker